

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी




बुधवार 04 मार्च 2026 बर्ष 02 अंक 62 पृष्ठ 9 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com

# नालंदा के पाँच गाँवों की अनोखी होली– 54 साल से रंग गुलाल नहीं, 24 घंटे गूंजता है 'हरे राम–हरे कृष्ण' का कीर्तन






**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट, बिहारशरीफ, नालंदा।** जब पूरा देश फागुन की मस्ती में डूबकर रंग, गुलाल और फगुआ के गीतों के साथ होली का जश्न मनाता है, तब नालंदा जिला मुख्यालय से सटे पाँच गाँवों में एक बिल्कुल अलग और शांत दृश्य देखने को मिलता है। यहाँ न तो रंगों की बौछार होती है, न ही पकवानों की खुशबू हवा में तैरती है। इन गाँवों की होली हुड़दंग की नहीं, बल्कि भक्ति और हरि–कीर्तन की होती है। पतुआना, बासवन बिगहा, ढीबरापर, नकटपुरा और डेढ़धाराकृये वे पाँच गाँव हैं, जहाँ पिछले 54 वर्षों से होली के दिन चूल्हे नहीं जलते और न ही कोई एक–दूसरे पर रंग डालता है। यहाँ होली का अर्थ है 'अखंड हरि कीर्तन' और सामू. हिक साधना।





## भक्ति का रंग, जिसमें पूरा गाँव सराबोर

इन गाँवों में होलिका दहन की शाम से ही मंदि. रों और सामूहिक स्थलों पर 24 घंटे का अखंड हरि–कीर्तन शुरू हो जाता है। ढोलक, झाल और मंजीरों की थाप पर 'हरे राम, हरे कृष्ण' की गूंज वातावरण को भक्तिमय बना देती है। फगुआ के पारंपरिक गीतों की जगह यहाँ केवल ईश्वर भक्ति का स्वर सुनाई देता है।

ग्रामीणों के अनुसार, यह परंपरा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और अनुशासन का प्रतीक है। गाँव के बुजुर्ग राम खेलावन यादव बताते हैं कि यह रीत बाबा के समय से चली आ रही है। "अगल–बगल के गाँवों में लोग रंग खेलते हैं, लेकिन हमारे यहाँ होली के दिन कोई रंग नहीं खेलता। हम लोग होली नहीं गाते, बल्कि अखंड गाते हैं," वे गर्व से कहते हैं।

## रसोई में सन्नाटा, बासी भोजन की परंपरा

जहाँ आमतौर पर होली के दिन घरों में पुआ–पकवान बनते हैं, वहीं इन गाँवों में उस दिन चूल्हा जलाना वर्जित माना जाता है। ग्रामीण एक दिन पहले ही मीठे पकवान और भोजन तैयार कर लेते हैं। कीर्तन के दौरान घरों से धुआँ निकलना शुभ नहीं माना जाता।नालंदा के इन पाँच गाँवों की यह अनोखी परंपरा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह संदेश भी देती है कि त्योहारों को सौहार्द, अनुशासन और आध्यात्मिकता के साथ भी मनाया जा सकता है।गनकटपुरा की निर्मला देवी कहती हैं, "संत बाबा ने सिखाया कि होली पर नशा और झगड़े से दूर रहकर हरि का नाम लेना चाहिए। तब से हम रंग तो छोड़िए, किसी पर पानी तक नहीं डालते।"कीर्तन के समापन के अगले दिन, जिसे ग्रामीण 'बसिऔरा' कहते हैं, तब गाँव के लोग पा. रंपरिक तरीके से रंगों का आनंद लेते हैं।

## संत बाबा की प्रेरणा से बदली होली की परिभाषा

इस अनोखी परंपरा की नींव 'संत बाबा' ने रखी थी। बताया जाता है कि वे मूल रूप से शहर के इमादपुर के निवासी थे और अल्पायु में ही सांसारिक जीवन त्यागकर पतुआना और राज. कुआं के मैदानों में तपस्या करने लगे। उन्होंने देखा कि होली के दिन नशे और हुड़दंग के कारण अक्सर विवाद होते हैं, जिससे भाईचारा प्रभावित होता है। उन्होंने ग्रामीणों को होली को भगवान के नाम समर्पित करने की सीख दी। 2 अक्टूबर 2000 को शरीर त्यागने वाले संत बाबा की समाधि आज भव्य मंदिर के रूप में स्थापित है। होली के दिन दूर–दराज से श्रद्धालु यहाँ दर्शन के लिए पहुँचते हैं और कीर्तन में भाग लेते हैं। इस परंपरा की सबसे खास बात यह है कि नई पीढ़ी भी इसे पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ निभा रही है। बासवन बिगहा के युवा गौतम कुमार बताते हैं, "यह हमारे पूर्वजों की विरासत है। हमें गर्व है कि हम इस शांतिपूर्ण परंपरा का हिस्सा हैं। हम होली नहीं खेलते ऐसा नहीं है, बस हमारी होली एक दिन बाद होती है।"नालंदा के इन पाँच गाँवों की यह अनोखी परंपरा न केवल ध. ार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह संदेश भी देती है कि त्योहारों को सौहार्द, अनुशासन और आध्यात्मिकता के साथ भी मनाया जा सकता है।

# निशांत कुमार की राजनीति में एंट्री तय! मंत्री श्रवण कुमार के बयान से सियासत में हलचल

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट, नूरसराय, (नालंदा)।** बिहार के सियासी गलियारों में पिछले काफी समय से जारी अटकलों पर अब विराम लगता नजर आ रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इकलौते पुत्र निशांत कुमार के सक्रिय राजनीति में आने की चर्चाओं को अब जेडीयू के कद्दावर नेता और ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने हवा दे दी है। मुख्यमंत्री के बेहद करीबी माने जाने वाले श्रवण कुमार ने नालंदा में मीडिया से मुखातिब होते हुए स्पष्ट किया कि निशांत कुमार जल्द ही राजनीति के मैदान में उतरेंगे और जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि बिहार के नौजवानों, प्रगतिशील विचार के लोगों और जेडीयू के कार्यकर्ताओं की यह लंबे समय से मांग थी, जो अब जल्द ही पूरी होने वाली है। मंत्री श्रवण कुमार के इस बयान ने बिहार की भावी राजनीति और जेडीयू के भीतर उत्तरा. धिकार की लड़ाई को लेकर एक नई बहस छेड़ दी है। मंत्री ने कहा कि संगठन को निशांत कुमार जैसे व्यक्तित्व की जरूरत थी और उनके आने से पार्टी की मजबूती के साथ–साथ कार्यकर्ताओं में नए उत्साह का संचार होगा। हालांकि, जब उनसे निशांत को सीधे राज्यसभा भेजे जाने या मुख्यमंत्री की राजनीतिक विरासत सौंपने के संबंध में सीधा सवाल किया गया, तो उन्होंने बड़ी चतुराई से इस पर चुप्पी साध ली।



उन्होंने फिलहाल किसी विशेष पद की पुष्टि तो नहीं की, लेकिन इतना जरूर साफ कर दिया कि संगठन में उनकी 'शानदार एंट्री' के लिए बिसात बिछ चुकी है और जल्द ही इसकी आधिकारिक घोषणा की संभ. ावना है। राजनीतिक चर्चाओं से इतर, मंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को होली की अग्रिम शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने कहा कि होली का त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है। जिस तरह रंग और गुलाल एक–दूसरे के बीच की दूरियों को मिटा देते हैं, उसी तरह यह पर्व सभी के जीवन में खुशियां और नयापन लेकर आए। उनके इस बयान को राजनीतिक हलकों में एक बड़े संकेत के रूप में देखा जा रहा है, जिससे यह साफ है कि आने वाले दिनों में जेडीयू के भीतर निशांत कुमार एक महत्वपूर्ण धुरी बनकर उभर सकते हैं।



# परविंदर इंटरप्राइजेज

## चौर बिगहा, नूरसराय, नालंदा

HAPPY

# HOLI

FESTIVAL OF COLORS

## परविंदर इंटरप्राइजेज द्वारा किये गये सामाजिक व धार्मिक कार्य

- दीन – दु:खियों की सेवा करने के लिए सदैव तत्पर। जिले में भीषण ठंड से बचाव के लिए पूर्व के वर्षों में करीब 15 हजार निर्धन, असहाय व दिव्यांगों के बीच निःशुल्क कंबल का वितरण।
- नूरसराय प्रखंड के चौर बिगहा गांव में माँ देवी मंदिर का जीर्णोद्धार, चौर बिगहा गांव में महादेव मंदिर का निर्माण, पपरनौसा गांव में जगदंबा स्थान परिसर में सूर्य मंदिर का निर्माण,पपरनौसा गांव में जगदंबा स्थान परिसर में तालाब का जीर्णोद्धार।
- अयोध्या में श्री राम मंदिर निर्माण के लिए नालंदा जिले में सबसे अधिक पांच लाख का दान
- पटना जिले के करौटा स्थित माँ जगदंबा स्थान में हो रहे मंदिर निर्माण में छत व गुम्बज निर्माण के लिए 1365 बैग सीमेंट का दान
- श्री श्री चेतना संघ ,संदलपुर ,पटना के बैनर तले बीते 41 वर्षों से छठ व्रतियों के बीच छठ पूजन सामग्री का वितरण
- युवाओं में खेल के प्रति रुचि के लिए जिले में हर हर वर्ष कई खेल मैदानों पर डे क्रिकेट टूर्नामेंट, डे – नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का लगातार आयोजन कराना।
- बीते तीन वर्षों से झारखंड के श्रावणी मेला के दौरान सुल्तानगंज – देवघर पथ पर बांका जिले के कटोरिया में निःशुल्क नालंदा कांवरिया सेवा शिविर के माध्यम से कांवरियों की सेवा।

---

विशेष समूहों के प्रति समर्थन और सहायता प्रदान करना है ही समाजसेवा का उद्देश्य है – अरविंद कुमार सिन्हा उर्फ सेठ जी

---



प्रवीण कुमार
एचआर
परविंदर इंटरप्राइजेज चौर बिगहा,नूरसराय





अरविंद कुमार सिन्हा
निदेशक
परविंदर इंटरप्राइजेज चौर बिगहा,नूरसराय


होली की हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY HOLI
तनु सिंह,समाजसेवी
नूरसराय (नालंदा)


सारी खुशियों से भरा हो आपका संसार, यही दुआ है भगवान से हमारी हर बार, होली मुबारक हो आपको दिल से हर बार!
HAPPY HOLI
समस्त जिले वासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई...
शोभा देवी, मुखिया
ग्राम पंचायत राज बारा खुर्द
नूरसराय नालंदा


होली की हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY HOLI
नवीन कुमार निश्चल
नेता जेडीयू सह समाजसेवी
नूरसराय (नालंदा)


होली की हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY HOLI
अविनाश कुमार निराला,
पूर्व मुखिया
बारा खुर्द , नूरसराय नालंदा


होली 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY HOLI
डॉ. विपिन कुमार सिन्हा
राष्ट्रीय महासचिव
ग्रामीण मेडिकल प्रैक्टिशनर


होली की हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY HOLI
सीताराम सिंह चंद्रवंशी
पूर्व प्रत्याशी
इस्लामपुर विधानसभा क्षेत्र


होली 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY HOLI
अजय कुमार
शिक्षक
आरजीएल उच्च विद्यालय छबीलापुर


होली की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. अभिनव सिन्हा
नालंदा नेत्रालय एंड मैटरनिटी होम
खंदकपर बिहार शरीफ नालंदा


होली की हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY HOLI
डॉ. अरविंद कुमार सिन्हा
नालंदा नेत्रालय एंड मैटरनिटी होम
खंदकपर बिहार शरीफ नालंदा


होली की हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY HOLI
अमोद कुमार, समाजसेवी


होली की हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY HOLI
अभिषेक कुमार सिन्हा
पीएचईडी लखीसराय


होली की हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY HOLI
शंकर कुमार सिंह केशव टीवी 24
एंड ब्रदरहुड प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड
बिहार शरीफ नालंदा


HAPPY HOLI
HAPPY HOLI
सभी देशवासियों को
होली की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अभिषेक कुमार,
News18 संवाददाता
नालंदा


HAPPY HOLI
HAPPY HOLI
सभी देशवासियों को
होली की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
संजीव कुमार, थानाध्यक्ष
परबलपुर नालंदा


होली की हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY HOLI
अरविन्द कुमार धानुक
सामाजिक कार्यकर्ता
सारे अस्थावां नालंदा


होली की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रेम सिंघानिया
जिला संवाददाता
केशववाणी


होली की हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY HOLI
जय कुमार
निदेशक शिवम ऑप्टिकल्स
मेडिकल कॉलेज के पास, पावपुरी नालंदा


होली की हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY HOLI
गुड्डू कुमार
जिला संवाददाता
केशववाणी


होली की हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY HOLI
छोटू कुमार
समाजसेवी
बिहार शरीफ नालंदा


होली की हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY HOLI
पंकज कुमार,
निदेशक माँ राधिका ज्वेलर्स
नालंदा कॉलोनी रामचंद्रपुर बिहार शरीफ


HAPPY HOLI
HAPPY HOLI
सभी देशवासियों को
होली की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
शंकर कुमार सिन्हा
केशव टीवी 24
बिहार शरीफ नालंदा


HAPPY HOLI
HAPPY HOLI
सभी देशवासियों को
होली की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अभिषेक कुमार सिन्हा
पीएचईडी लखीसराय


होली की हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY HOLI
Vinay Shankar (Pinku)
VN News Bihar
Chief Editor (M.D)

# निशांत कुमार की राजनीति में एंट्री पर तेज हुई सियासी सरगर्मी, जेडीयू सांसद कौशलेंद्र कुमार ने की पार्टी में जल्द शामिल करने की मांग

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट, बिहारशरीफ (नालंदा)।** बिहार की राजनीति में एक बार फिर नई चर्चा तेज हो गई है। नितीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार के जनता दल (यूनाइटेड) की सक्रिय राजनीति में आने की संभावनाओं को लेकर पार्टी के भीतर हलचल बढ़ती दिख रही है। इसी क्रम में नालंदा से जेडीयू सांसद कौशलेन्द्र कुमार ने बिहारशरीफ में मीडिया से बातचीत के दौरान बड़ा बयान देते हुए कहा कि अब समय आ गया है जब निशांत कुमार को पार्टी में औपचारिक रूप से शामिल होकर संगठन की जिम्मेदारी संभालनी चाहिए। सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि जेडीयू एक मजबूत विचारधारा वाली पार्टी है, जिसने बिहार में सुशासन और विकास की राजनीति को स्थापित किया है। ऐसे में पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए नई पीढ़ी के नेतृत्व की भी जरूरत है। उन्होंने कहा कि यदि निशांत कुमार पार्टी में सक्रिय भूमिका निभाते हैं तो इससे कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा और संगठन को मजबूती मिलेगी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, "निशांत कुमार के आने से पार्टी और मजबूत होगी। कार्यकर्ताओं की लंबे समय से यह भावना रही है कि वे पार्टी की कमान संभालें और संगठन को नई दिशा दें। पार्टी हित में उनका आना जरूरी है।" सांसद ने यह भी जोड़ा कि इस मुद्दे पर कोई कुछ भी कहे, उससे कोई विशेष फर्क नहीं पड़ेगा, क्योंकि अंतिम निर्णय पार्टी और नेतृत्व का होगा। कौशलेंद्र कुमार ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से भी अपील करते हुए कहा कि उन्हें इस विषय पर एक बार पुनर्विचार करना चाहिए। उनके अनुसार, यदि पार्टी नेतृत्व सकारात्मक निर्णय लेता है तो आगामी राजनीतिक चुनौतियों का सामना करने में जेडीयू को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों में पार्टी को मजबूत और संगठित नेतृत्व की आवश्यकता है, जिससे जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं का मनोबल और बढ़ सके। सांसद ने यह भी संकेत दिया कि पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता चाहते हैं कि निशांत कुमार सक्रिय राजनीति में आएं। उनका मानना है कि इससे संगठनात्मक ढांचे को मजबूती मिलेगी और पार्टी की पकड़ ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में और सुदृढ़ होगी।



गौरतलब है कि समय–समय पर निशांत कुमार के राजनीति में प्रवेश को लेकर चर्चाएं होती रही हैं, लेकिन अब तक इस संबंध में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। हालांकि, पार्टी के वरिष्ठ नेताओं द्वारा दिए जा रहे बयानों से यह स्पष्ट है कि जेडीयू के भीतर इस विषय पर गंभीर विचार–विमर्श चल रहा है। बिहार की राजनीति में वंशवाद और नेतृत्व परिवर्तन जैसे मुद्दों पर अक्सर बहस होती रही है। ऐसे में यदि निशांत कुमार सक्रिय राजनीति में आते हैं तो यह न केवल जेडीयू के लिए बल्कि राज्य की राजनीति के लिए भी एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम साबित हो सकता है। फिलहाल पार्टी नेतृत्व की ओर से किसी औपचारिक घोषणा का इंतजार है, लेकिन सांसद कौशलेंद्र कुमार के इस बयान ने राजनीतिक गलियारों में नई सरगर्मी जरूर पैदा कर दी है।






# होली से पहले नालंदा में मद्यनिषेध विभाग की सख्त कार्रवाई 300 लीटर से अधिक शराब जब्त; तीन गिरफ्तार, एक महिला फरार

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट**

**बिहारशरीफ नालंदा।** होली पर्व को लेकर जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मद्यनिषेध विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। राजगीर थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में छापेमारी कर 300 लीटर से अधिक अवैध देशी व विदेशी शराब बरामद की गई। इस दौरान तीन धंधेबाजों को गिरफ्तार किया गया, जबकि एक महिला आरोपी मौके से फरार हो गई। मद्यनिषेध विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि नवादा की ओर से एक सफेद बोलेरो (ठत–2ज्ञ–5026) में अवैध शराब की खेप राजगीर लाई जा रही है। सूचना के आधार पर निरीक्षक नितिश कुमार के नेतृत्व में टीम ने राजगीर जू सफारी के समीप घेराबंदी कर वाहन को रोका। तलाशी के दौरान बोलेरो से दो बोरों में पैक लगभग 260 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद की गई। मौके से गया जिले के टनकुप्पा निवासी डब्लू कुमार और विक्की कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों से पूछताछ कर शराब तस्करी के नेटवर्क की जानकारी जुटाई जा रही है। इसके अलावा राजगीर के हंस टोला इलाके में भी विभाग ने छापेमारी की। यहां उस घर में दबिश दी गई, जहां से पूर्व में शराब बरामद होने के बाद कमरा सील किया गया था। जांच में पाया गया कि सील तोड़कर पुनः अवैध शराब का कारोबार शुरू कर दिया गया है। टीम ने यहां से 27.500 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की और आरोपी रीता देवी को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि पूर्व आरोपी विजय कुमार के जेल जाने के बाद उसके परिजन इस धंधे को संचालित कर रहे थे।




इसी क्रम में तुलसी गली, उपाध्याय टोला स्थित एक नव–निर्मित मकान में भी छापेमारी की गई, जहां से 27.875 लीटर विदेशी शराब जब्त की गई। हालांकि छापेमारी की सूचना मिलते ही आरोपी महिला मुन्नी देवी फरार हो गई। उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। मद्यनिषेध विभाग ने कहा है कि होली के दौरान अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और बिक्री के खिलाफ अभियान और तेज किया जाएगा। विभाग ने आम लोगों से अपील की है कि अवैध शराब से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना मोबाइल नंबर 9473400623 पर दें, ताकि त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान कानून–व्यवस्था बनाए रखने के लिए सघन जांच अभियान जारी रहेगा।






# हरनौत में तेज रफ्तार का कहर: दो बाइकों की टक्कर में पिता—पुत्र गंभीर, हालत नाजुक

**केशववाणी । अमर वर्मा की रिपोट**

हरनौत/चंडी (नालंदा)। चंडी थाना क्षेत्र के कल्याणपुर बाली मोड़ के पास मंगलवार की दोपहर करीब दो बजे दो बाइकों की आमने—सामने टक्कर में पिता—पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद दोनों को आपातक. ालीन सेवा डायल 112 की सहायता से रेफरल अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया। फिलहाल दोनों का इलाज पटना के विजय नगर रोड स्थित ज्ञनउंत व्तजीव भ्वेचपजंस में चल रहा है। घायलों की पहचान वेना थाना क्षेत्र के सरथा गांव निवासी राम इतर सिंह के 50 वर्षीय पुत्र मनोज कुमार और उनके 23 वर्षीय पुत्र हर्ष राज के रूप में हुई है। घायल हर्ष राज ने बताया कि वह अपने पिता के साथ बाइक से पटना से अपने घर सरथा लौट रहे थे। इसी दौरान कल्याणपुर स्थित बजरंगवाली मंदिर के पास सामने से आ रही एक अज्ञात बाइक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद आरोपी बाइक सवार मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी तेज थी कि मनोज कुमार सड़क पर गिर पड़े, जिससे उनका दाहिना पैर और बायां हाथ गंभीर रूप से टूट गया। हर्ष राज को भी चोटें आई हैं।



घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया। चंडी थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि अभी तक इस संबंध में कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।पुलिस मामले की जांच में जुटी है और फरार बाइक सवार की तलाश की जा रही है।

# नालंदा में होलिका दहन की तैयारी के दौरान हादसा तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से अधेड़ की मौत

**केशववाणी । गुड्डू कुमार की रिपोर्ट,**

बिहारशरीफ (नालंदा)। सोमवार की देर शाम नालंदा जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 42 वर्षीय अधेड़ की मौत हो गई। घटना "वींतंप च्वसपबम" जंजपवद क्षेत्र के लोहगानी मोहल्ले की है। मृतक की पहचान लोहगानी निवासी यदुनंदन यादव के पुत्र मनोज कुमार के रूप में की गई है। परिजनों के अनुसार, होलिका दहन को लेकर मो. हल्ले में तैयारियां चल रही थीं। मनोज कुमार जलावन इकट्ठा कर उसे होलिका दहन स्थल तक ले जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी और चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने आनन—फानन में गंभीर रूप से घायल मनोज कुमार को इलाज के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल पहुंचाया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दी गई। बताया जाता है कि मनोज कुमार सब्जी बेचकर अपने परिवार का भरण—पोषण करते थे। उनकी असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। होली की खुशियां देखते ही देखते मातम में बदल गईं। अस्पताल और घर पर परिजनों के चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया।



इस संबंध में ट्रैफिक थानाध्यक्ष सुशील कुमार राहुल ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि परिजनों से आवेदन मिलने के बाद अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस फरार पिकअप वाहन और उसके चालक की पहचान करने में जुटी है।

# भगवान बुद्ध की प्रतिमा के साथ होली: नालंदा की अनूठी परंपरा

**केशववाणी । शंकर कुमार की रिपोर्ट,**

(नालंदा)। सोमवार की देर शाम नालंदा जिले में एक दर्दनानालंदा जिले के तेतरावां गांव में दशकों से चली आ रही एक अनूठी परंपरा के तहत भगवान बुद्ध की प्रतिमा के साथ होली मनाई जाती है। यह गांव बिहारशरीफ से दस किलोम. ीटर दूर स्थित है। इस परंपरा में पाल कालीन काले पत्थर की भूमि स्पर्श मुद्रा में विराजमान बुद्ध प्रतिमा को सफेद चादर ओढ़ाकर रंग—गुलाल लगाया जाता है और सुख—समृद्धि की कामना की जाती है।

**परंपरा की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि**

गांव के वरिष्ठ निवासी राजीव रंजन बताते हैं कि यह परंपरा उतनी ही प्राचीन है जितनी यह प्रतिमा। पीढ़ियों से चली आ रही यह परंपरा ध. ार्मिक सहिष्णुता और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। होली के दिन यहां भजन—कीर्तन का आयोजन होता है, और ग्रामीण भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर रंग—गुलाल लगाकर उत्सव का समापन करते हैं।

**छठ पर्व में भी अनूठी परंपरा**

सिर्फ होली ही नहीं, बल्कि छठ पर्व के दौरान भी इस प्रतिमा को विशेष महत्व दिया जाता है। सूर्य को अर्ध्य देने के पश्चात बुद्ध प्रतिमा को भी अर्ध्य दिया जाता है। इसके अलावा, शुभ कार्यों की शुरुआत प्रतिमा की साफ—सफाई कर, मीठे रवे और घी का लेप लगाकर की जाती है। हालांकि, इस ऐतिहासिक धरोहर को अब तक पुरातत्व विभाग का संरक्षण प्राप्त नहीं हुआ है।



**विकास कार्य अधूरा**

राजीव रंजन ने बताया कि 2013 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दौरे के दौरान इस स्थल को पर्यटन स्थल घोषित किया गया था। इसके तहत एक भवन निर्माण की योजना बनी, लेकिन पर्यटन विभाग की उदासीनता के कारण यह कार्य अधूरा रह गया।

**ऐतिहासिक महत्व और संरक्षण की मांग**

स्थानीय जानकारी के अनुसार, अंग्रेजों ने इस मूर्ति की तस्करी करने की कोशिश की थी, लेकिन विशालकाय प्रतिमा होने के कारण वे असफल रहे। विदेशी पर्यटक भी इस प्रतिमा के दर्शन के लिए आते हैं। स्थानीय लोग मांग कर रहे हैं कि इस स्थल को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाए और सरकार इसके संरक्षण के लिए आवश्यक कदम उठाए।













HAPPY HOLI
HAPPY HOLI
बाल भारती पब्लिक स्कूल
मामू भगना, बड़ी पहाड़ी, बिहार शरीफ, नालंदा
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
Call Now
7488022435
शंकर कुमार सिंह केशव टीवी 24
एंड ब्रदरहुड प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड
बिहार शरीफ नालंदा
Happy
Holi Festival
HAPPY
HOLI
festival of colors

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

बिहार का नंबर 1 अखबार

**अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें**

**7033325120**

**केशववाणी में विज्ञापन देकर**
**अपने व्यवसाय को दे नई पहचान और नई दिशा**